भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1414

(दिनांक 12.12.2023 को उत्तर देने के लिए)

69वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

1414. श्रीमती मंजुलता मंडलः
श्री सी.एन. अन्नादुरईः
श्री कुलदीप राय शर्माः
डॉ. डी. एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 69वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह हाल ही में आयोजित किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं, जिन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है;

(ख) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करने के लिए फिल्मों के चयन हेतु अपनाए गए मानदडों का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा देश में फिल्म पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है और इससे अब तक कितनी सफलता प्राप्त हुई है;

(घ) क्या देश में असीम क्षमता होने के बावजूद फिल्म पर्यटन पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार ने फिल्म पर्यटन को विकसित करने के लिए विभिन्न देशों के साथ समझौता ज्ञापन/समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार को डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के प्रचार और प्रसार के संबंध में ओडिशा, तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): जी, हां। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (एनएफए) समारोह का आयोजन 17.10.2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया। 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेताओं की राजपत्र अधिसूचना और विनियम वेबसाइट https://mib.gov.in/films/films-documents पर उपलब्ध हैं।

(ग) से (ङ): फिल्म पर्यटन सहित पर्यटन के संवर्धन और विकास की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, अपने चल रहे कार्यकलापों के भाग के रूप में, देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए, 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत, महत्वपूर्ण और संभावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। इन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु फिल्म पर्यटन की क्षमता का लाभ प्राप्त करने के लिए तीसरे पर्यटन कार्य समूह की श्रीनगर में आयोजित बैठक के साथ-साथ "फिल्म पर्यटन के माध्यम से अतुल्य भारत को बढ़ावा देना" विषय पर 22.05.2023 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा, देश में अधिक विदेशी फिल्म निर्माण को आकर्षित करने के लिए, भारत सरकार ने 2022 में ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण संधि के तहत भारत में विदेशी फिल्मों के निर्माण और आधिकारिक सह-निर्माण के लिए एक प्रोत्साहन स्कीम की घोषणा की थी। दिसंबर 2023 में इस स्कीम को और संशोधित और संवर्धित किया गया। अब तक, सरकार ने 16 देशों यथा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ़्रांस, जर्मनी, इज़राइल, इटली, न्यूज़ीलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, कोरिया, रूस, स्पेन और यूके के साथ द्विपक्षीय ऑडियो-विज़ुअल सह-निर्माण करारों पर हस्ताक्षर किए हैं।

(च): वृत्तचित्र फिल्मों सहित फिल्म निर्माण का संवर्धन, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम, फिल्मी सामग्री के विकास, संचार और प्रसार (डीसीडीएफसी) के तहत किया जाता है।

*****